# बीवी-शौहर (पति-पत्नी) की ज़िम्मेदारियाँ

## शरीअ़त की रौशनी में

लेखक

मुफ़्ती मुहृम्मद सरवर फ़ारूक़ी नदवी

(सदर, जमीअ़त पयामे अम्न, लखनऊ)

प्रकाशक

जमअ़ीयत पयामे अम्न

नदवा रोड, डालीगंज, लखनऊ,२० (यू०पी०) इण्डिया

बीवी-शौहर (पति-पत्नी) की ज़िम्मेदारियाँ

© सर्वाधिकार सुरक्षित

नाम- बीवी-शौहर (पति-पत्नी) की ज़िम्मेदारियाँ
लेखक- मुफ़्ती मुहृम्मद सरवर फ़ारूक़ी नदवी
संस्करण हिन्दी- द्वितीय
पुस्तक संख्या- 2000
वर्ष- 2015
मूल्य- 32 रू०
कम्पोज़िंग- इरफ़ान अहृमद
प्रकाशक- जमअ़ीयत पयामे अम्न, नदवा रोड,
डालीगंज, लखनऊ-20 (यू०पी०) इण्डिया

| | |
|---|---|
| Book Name | Biwi Shauhar Ki Zimmedari |
| Publisher: | Jamiat Payam-e-Amn<br>Nadwa Road, Daliganj, Lucknow (U.P.) India |
| Website: | www.islamicjpamn.com |
| Mobile– | 0091– 9919042879, 9984490150 |
| E–Mail– | jpa_lko@yahoo.com, ataullah2012@gmail.com |

## मिलने के पते

1. जामिया दारे अरक़म मुहृम्मदपुर गौंती, फ़तेहृपुर
2. न्यू सिल्वर बुक एजेन्सी, 14, मुहृम्मद अ़ली बिल्डिंग भिंडी बाज़ार, मुम्बई. 400003
3. मुहृम्मद असलम काज़मी, मुहृल्ला दीवान निकट तय्यिब मस्जिद देवबन्द- 9760849186
4. मकतबः अल् फ़ुरक़ान, नज़ीराबाद (लखनऊ)
5. आसिफ़ किताब घर, मीना मार्केट जामा मस्जिद रोड, शाह मारूफ़ गोरखपुर, यू०पी०-9415857727
6. सुब्ह़ानिया बुक डिपो, नया मुहृल्ला जबलपुर मध्य प्रदेश- 9424708020

## विषय सूची


| विषय | पृष्ठ सं० |
|---|---|
| प्रस्तावना | 5 |
| **भाग-1 शादी और इस्लाम** | |
| शादी और इस्लाम | 9 |
| शादी की क़ुद्रत न हो तो | 9 |
| घरेलू ज़िन्दगी की अहमियत | 10 |
| अम्बिया-ए-किराम की सुन्नतें | 10 |
| ज़िना और निकाह़ में अन्तर | 11 |
| बीवी का इन्तिख़ाब (चुनाव) | 11 |
| लव आफ़्टर मैरिज | 12 |
| निकाह़ के एलान का हुक्म | 12 |
| मस्जिद में निकाह़ का फ़ायदा | 13 |
| निकाह़ का तरीक़ा | 13 |
| निकाह़ का ख़ुत्बः | 13 |
| ख़ुत्बः के शब्द | 14 |
| ह़ज्जतुल् विदाअ़ के मौक़े पर बीवी-शौहर के हुक़ूक़ | 15 |
| महेर का ह़क़ | 16 |
| महेर की सुन्नतें | 16 |
| आप (सल्ल०) का महेर | 17 |
| महेर फ़ातिमी | 17 |
| महेर की क़ीमत | 17 |
| वलीमा | 18 |
| रसूलुल्लाह (सल्ल०) का वलीमा | 18 |
| लड़की वालों से माँग करना | 19 |
| दुल्हा और दुल्हन की मुलाक़ात | 20 |
| **भाग-2 मर्द की ज़िम्मेदारियाँ** | |
| मर्द की ज़िम्मेदारियाँ | 22 |
| ज़ीनत की चीज़ें | 25 |





| विषय | पृष्ठ सं० |
|---|---|
| बच्चे का दूध | 25 |
| दवा इलाज का ख़र्च | 25 |
| महारिम से मिलने का ह़क़ | 26 |
| माँ बाप लाचार हों तो | 27 |
| ग़ैर मह़रम के यहाँ जाने पर रोक | 27 |
| नान व नफ़्क़ा (यानी मकान और रोटी, कपड़ा) | 28 |
| रिहाईशी मकान की शर्तें | 28 |
| खाना का ख़र्चा | 29 |
| अगर मर्द ग़रीब है तो ख़ादिमा का ख़र्चा वाजिब नहीं | 30 |
| घर के अन्दर और बाहर की ज़िम्मेदारी | 30 |
| ख़र्च तय करना | 31 |
| औ़रत के निकाह़ फ़स्ख़ करवाने का ह़क़ | 31 |
| कफ़न-दफ़न का ख़र्च | 32 |
| सामाने जहेज़ की ह़क़दार | 32 |
| औ़रत को मारने का ह़क़ | 32 |
| तलाक़ | 33 |
| तलाक़ की शर्तें | 33 |
| बीवी की अहम ज़रूरतें | 35 |
| शौहर की ग़ल्तियाँ | 36 |
| बीवी को ख़ुश रखने के उसूल | 37 |
| औ़रतों के सम्बन्ध में रसूलुल्लाह (सल्ल०) का फ़रमान | 37 |
| औ़रतों के सम्बन्ध में क़ुर्आन की तअ़लीमात | 39 |
| **भाग-3 बीवी की ज़िम्मेदारियाँ** | |
| बीवी की ज़िम्मेदारियाँ | 42 |
| औ़रत पर शौहर की इताअ़त | 43 |
| ख़ुलअ़ | 44 |
| बद्सूरती की बिना पर ख़ुलअ़ | 46 |
| लिआ़न | 47 |
| शौहर (पति) को ख़ुश रखने के उसूल | 49 |
| नेक बीवी की सिफ़ात | 50 |
| शादी से सम्बन्धित कुछ नसीह़तें | 50 |

# प्रस्तावना

शादी इन्सान की एक फ़ितूरी ज़रूरत है और इस के बहुत से फ़ायदे हैं।

ग़ैर शादीशुदा लड़का और लड़की उस परिन्दे की तरह़ होते हैं जिस का कोई घोसला नहीं होता और शादी के ज़रिये एक घर, ठिकाना और पनाहगाह ह़ासिल कर लेते हैं। ज़िन्दगी का साथी, मूनिस व ग़मख़्वार, राज़दार, मुह़ाफ़िज़ और मददगार पा लेते हैं। इसलिए कि जिन्सी ख़्वाहिश, इन्सान के वजूद की एक बहुत अहम ख़्वाहिश होती है। इसीलिए एक साथी के वजूद की ज़रूरत होती है कि सुकून व इत्मिनान के साथ ज़रूरत के वक़्त उस के वजूद से फ़ायदा उठाये और लज़्ज़त ह़ासिल करे।

जिन्सी ख़्वाहिशात सह़ीह़ तरीक़े से पूरी होनी चाहिए क्योंकि यह एक फ़ितूरी ज़रूरत है वरना मुम्किन है कि उस के समाजी, जिस्मानी और नफ़्सियाती तौर पर बुरे नतायज निकलें। जो लोग शादी से भागते हैं आ़मतौर से ऐसे लोग नफ़्सियाती और जिस्मानी बीमारियों में मुब्तिला होते हैं।

शादी के ज़रिये इन्सान औलाद पैदा करता है, बच्चे का वजूद शादी के नतीजे में ज़ाहिर होता है और ख़ानदान की बुनियाद को मज़बूत करने और मियाँ-बीवी के सम्बन्ध को ख़ुशगवार बनाने का ज़रिया बनता है। यही वजह है कि क़ुर्आन और अह़ादीस में शादी के मस्ले पर बहुत ज़्यादा ताकीद की गई है।

मिसाल के तौर पर अल्लाह तआ़ला क़ुर्आन मजीद में फ़रमाता है, "ख़ुदा की निशानियों में से एक निशानी यह (भी) है कि उस ने तुम्हारे लिए ज़िन्दगी का साथी बनाया ताकि तुम उन से उन्स (मुह़ब्बत) पैदा करो"।

रसूलुल्लाह (सल्ल०) का इर्शाद है "जो शख़्स चाहता है कि मेरी सुन्नत की पैरवी करे उसे चाहिए कि वह शादी करे जिस के ज़रिये औलाद पैदा हो (और मुसलमानों की तअ़दाद में इज़ाफ़ा हो) ताकि क़ियामत में मेरी उम्मत की तअ़दाद, दूसरी उम्मतों से ज़्यादा हो।"

ह़ज़रत अ़ली (रज़ि) फ़रमाते हैं कि "शादी करो कि यह रसूलुल्लाह (सल्ल०) की सुन्नत है।"



इन्सान इस दुनिया में इसलिए नहीं आया है कि वह एक मुद्दत तक खाये, पीये, सोये, ऐ़श करे, लज़्ज़तें उठाये और फिर मर जाए। इन्सान का मर्तबः इन तमाम बातों से कहीं बुलन्द है। इन्सान इस दुनिया में इसलिए आया है ताकि इ़ल्म व अ़मल और अच्छे अख़्लाक़ के ज़रिये अपने नफ़्स की तर्बियत करे और इन्सानियत की राह तय करे।

इन्सान एक ऐसी मख़्लूक़ है जो तहज़ीब व तज़्किया नफ़्स के ज़रिये बुराईयों से बच कर अपने फ़ज़ायल और बुलन्द अख़्लाक़ के ज़रिये ऐसे मक़ाम पर पहुँच सकता है जहाँ फ़रिश्तों की भी रसाई मुम्किन नहीं।

इन्सान के इस दुनिया में आने का मक़्सद यह है कि पैग़म्बरों की हिदायत व रहनुमाई के ज़रिये दीन के उसूल, क़वानीन के मुताबिक़ अ़मल कर के अपने लिए दीन व दुनिया की सआ़दत ह़ासिल करे और आख़िरत में अल्लाह की रह़मत के साये में ख़ुशी व आराम के साथ हमेशा की गुज़ारे।

मर्द और औ़रत दोनों के लिए कहा गया है कि ज़िन्दगी के साथी के इन्तेख़ाब के वक़्त दीनदारी और अख़्लाक़ को बुनियादी शर्त करार दें।

रसूलुल्लाह (सल्ल०) का इर्शाद है कि अल्लाह तआ़ला ने फ़रमाया,

"जब मैं इरादा करता हूँ कि दुनिया व आख़िरत की तमाम ख़ूबियाँ किसी मुसलमान शख़्स के लिए जमा कर दूँ तो उस का दिल, ज़िक्र करने वाली ज़बान और मुसीबतों पर सब्र करने वाला जिस्म अ़ता करता हूँ और उस को ऐसी मोमिन बीवी देता हूँ कि जब भी वह उस की तरफ़ देखे उसे ख़ुश कर दे और उस की ग़ैर मौजूदगी में अपने नफ़्स और उस के माल की हिफ़ाज़त करने वाली हो।"

तारीख़ में है कि रसूलुल्लाह (सल्ल०) ह़ज़रत अ़ली (रज़ि०) और फ़ातिमा रज़ियल्लाहु अ़न्हा की शादी के बाद मुबारक देने और ह़ाल पूछने के लिए उन के घर तशरीफ़ ले गये। ह़ज़रत अ़ली (रज़ि०) से पूछा, अपनी शरीके ज़िन्दगी (जीवन साथी) को तुमने कैसे पाया? कहा, "ख़ुदा की इताअ़त के लिए फ़ातिमा को मैने बेहतरीन मददगार पाया"।

इस के बाद ह़ज़रत फ़ातिमा (रज़ि०) से पूछा, तुम ने अपने शौहर को कैसा पाया?

कहाः "बेहतरीन शौहर"।

इस से मालूम हुआ कि बीवी अल्लाह के हुक्मों को पूरा करने में मदद्गार होती है और गुनाहों से सुरक्षित रखने का ज़रिया बनती है। अल्लाह तआ़ला उम्मत में सुन्नत के मुताबिक़ निकाह़ को रायज करने की तौफ़ीक नसीब फ़रमाए।

आख़िर में हम तमाम मुह़सिनीन के शुक्रगुज़ार हैं, जिन्होंने किसी भी तरह़ का तआ़उन किया हो। अल्लाह तआ़ला इसे क़ुबूल फ़रमाकर इस्लाह़ का ज़रिया बनाये और उम्मत में सुन्नत तरीक़े से शादी करने का मिज़ाज बने। वस्सलाम

**मुह़म्मद सरवर फ़ारूक़ी नदवी**
**नद्वतुल उ़लमा, लखनऊ**
**11-1-2011**



# भाग-1

# शादी और इस्लाम

# शादी और इस्लाम

अल्लाह तआ़ला ने जब इन्सान को पैदा किया तो उस के अन्दर बहुत सी इच्छाएँ और तमन्नाएँ ऐसी रखीं, जो इन्सान की नस्ल को बाक़ी रखने के लिए ज़रूरी हैं।

وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ خَلَقَ لَكُمْ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ اَزْوَاجًا لِّتَسْكُنُوْٓا اِلَيْهَا وَجَعَلَ بَيْنَكُمْ مَّوَدَّةً وَّرَحْمَةً ۭ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ

और उसी की निशानियों में से यह है कि उस ने तुम्हारे लिए तुम्हारी जिन्स की बीवियाँ बनाई ताकि तुम को उस के पास आराम मिले और तुम में मुहब्बत व हमदर्दी पैदा की। **(सूरः रूम-21)**

इसीलिए इस्लाम ने ख़ासतौर पर शादी से नफ़रत को हराम क़रार दिया है, जबकि मुसलमान शादी पर क़ुदरत रखता हो।

**रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमायाः-**

مَنْ كَانَ مُوْسِرًا لِاَنْ يَّنْكِحَ ثُمَّ لَمْ يَنْكِحْ فَلَيْسَ مِنِّيْ

यानी जो व्यक्ति शादी करने की क्षमता रखता हो और वह शादी न करे तो वह हम में से नहीं। **(बैहक़ी)**

इस्लाम ने जायज़ तरीक़े यानी शादी के ज़रिये शहवत (इच्छापूर्ति) पूरी करने को उन नेक आ़माल में शुमार किया है जिन का करने वाला अल्लाह तआ़ला की रज़ामन्दी और अज्र व सवाब का हक़दार बन जाता है।

## शादी की क़ुद्रत न हो तो-

وَلْيَسْتَعْفِفِ الَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ نِكَاحًا حَتّٰى يُغْنِيَهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ

**(सूरः अल् नूर आयत नं० 23)**

"और ऐसे लोगों को जिन को निकाह की क्षमता नहीं, उन को चाहिए कि अपने नफ़्स को पाक रखे यहाँ तक कि अल्लाह तआ़ला उन को अपने फ़ज़्ल से ग़नी कर दे।" **(सूरः अल् नूर आयत नं० 23)**



अल्लाह तआ़ला हमेशा नेक लोगों की सरपरस्ती फ़रमाते हैं और उन के लिए हर ग़म से छुट्कारा और तक्लीफ़ से निजात देते हैं। अल्लाह तआ़ला का इर्शाद हैं।

وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ يَجْعَلْ لَّهٗ مَخْرَجًا وَّيَرْزُقْهُ مِنْ حَيْثُ لَا يَحْتَسِبُ

और जो शख़्स अल्लाह तआ़ला से डरता है अल्लाह तआ़ला उस के लिए निजात की राह निकाल देता है और उस को ऐसी जगह से रिज़्क़ पहुँचाता है जहाँ से उस का गुमान भी नहीं होता। **(सूरः तलाक़ आयत नं० 2,3)**

# घरेलू ज़िन्दगी की अहमियत

इस्लाम दीने फ़ित्रत है। उस ने इन्सानों को अकेले ज़िन्दगी गुज़ारने का हुक्म नहीं दिया। नबी करीम (सल्ल०) ने फ़रमाया,

***"इस्लाम में रहबानियत नहीं है"।***

इस्लाम ने यह तअ़लीमात नहीं दीं कि तुम जंगलों और ग़ारों में जाकर रहना शुरु कर दो बल्कि अल्लाह तआ़ला ने फ़रमाया-

***(बस तुम निकाह़ करो उन औ़रतों के साथ जो तुम्हें पसन्द हों, दो हों, तीन हों, चार हों, बस अगर तुम्हें यह डर हो कि मैं इन्साफ़ नहीं कर सकूँगा तो फिर तुम सिर्फ़ एक से निकाह़ करो।***

इसीलिए नबी करीम (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमाया, निकाह़ मेरी सुन्नत है।

***"जो मेरी सुन्नत से एराज़ करे वह मेरा मानने वाला नहीं ।"***

# अम्बिया-ए-किराम की सुन्नतें

'तिर्मिज़ी शरीफ़' की रिवायत है कि चार चीज़ें नबियों की सुन्नतें हैं।

**ह़या** : ह़यादारी यानी तमाम अम्बिया बा ह़या हुआ करते थे।

**इत्र** : यानी तमाम अम्बिया ख़ुशबू का इस्तेमाल करते थे।

**मिस्वाक** : यानी तमाम अम्बिया मिस्वाक किया करते थे।

**निकाह़ :** यानी अक्सर अम्बिया शादी शुदा ज़िन्दग़ी (पारिवारिक जीवन) बसर किया करते थे।

इस से मालूम हुआ कि नबी शादी करते थे।

## ज़िना और निकाह़

ज़िना (बलात्कार) और निकाह़ में यह अन्तर है कि ज़िना केवल इच्छापूर्ति का नाम है, जबकि निकाह़ में ओ़रत की ज़िम्मेदारी लेनी पड़ती है, उस का महेर अदा करना पड़ता है और ओ़रत को उस की विरासत में ह़िस्सा हो जाता है। जहाँ इन्साफ़ की ज़िन्दग़ी नहीं होती वहाँ लोग निकाह़ से घबराते हैं क्योंकि वह औरत को एक खिलौना समझ कर उस से ज़िन्सी ज़रूरत जब तब चाहते हैं पूरी करते हैं, जब चाहते हैं बाहर कर देते हैं।

## बीवी का इन्तिख़ाब (चुनाव)

ओ़रत का इन्तिख़ाब आ़मतौर पर इन वजहों से किया जाता है।

I. पहला माल की वजह से निकाह़ किया जाता है।

II. दूसरा उस के ह़सब व नसब की वजह से निकाह़ करते हैं यानी ऊँचे ख़ानदान की वजह से निकाह़ करते हैं।

III. तीसरे उस के नेकी की वजह से निकाह़ किया जाता है।

IV. दीनदारी की वजह से निकाह़ किया जाता है।

रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने फ़रमाया, "मैं तुम्हें इस बात की नसीह़त करता हूँ कि तुम अपने लिए दीन की बुनियाद पर रिश्तों को तलाश करो।" **(बुख़ारी)**

जब बुनियाद ही कमज़ोर होगी तो अच्छी ज़िन्दग़ी कैसे निभेगी, जिस ने केवल ख़ूबसूरती को देखा तो बताइए शक्ल की ख़ूबसूरती कितने दिन रहती है? यह चन्द साल की बात होती है, जवानी हमेशा तो नहीं रहती जिस की बुनियाद ही कमज़ोर होगी उस पर बनने वाला घर भी कमज़ोर होगा।

नेकी और शराफ़त ऐसी चीज़ है जो वक़्त के साथ बढ़ती चली जाती है। इसलिए इस बुनियाद पर जो घर बनेगा वह हमेशा मज़बूत होता जाएगा। नेकी



और दीनदारी की बुनियाद पर बीवियों को तलाश करना चाहिए इसलिए कि ख़ूबसूरत ओ़रत का पति जब उसे देखता है तो उस की आँखें ख़ुश होती हैं और नेक सीरत ओ़रत का पति जब उसे देखता है तो उस का दिल ख़ुश हो जाता है, तो आँखों को ख़ुश करने के बजाए अपने दिलों को ख़ुश करना चाहिए।

***"दुनिया एक मताअ़ है और इस दुनिया की सब से क़ीमती मताअ़ नेक बीवी है।"*** *(मुस्लिम)*

यानी अल्लाह तआ़ला जिसे नेक बीवी अ़ता कर दे उसे समझना चाहिए कि मुझे दुनिया की बहुत बड़ी नेअ़मत मिल गई। जब नियत में माल होगा या केवल ख़ूबसूरती होगी तो झगड़े होंगे, केवल ह़सब व नसब की वजह से निकाह़ होगा तो भी झगड़े होंगे। शरीअ़त ने इस बात की तअ़लीम दी है कि निकाह़ का मक़्सद तो यह हो कि मैं निकाह़ इसलिए करता हूँ ताकि पाकबाज़ी की ज़िन्दग़ी गुज़ार सकूँ। जब मक़्सद यह होगा तो इस मक़्सद की वजह से घर आबाद हो जाएँगे।

## लव आफ़्टर मैरिज–

आज कुफ़्र की दुनिया में (मुह़ब्बत की शादी) Love Marraige का लफ़्ज़ बहुत आ़म है। वह लोग शादी से पहले ही जिन्सी सम्बन्ध कर लेते हैं (इकट्ठे रहना) Live together शुरु कर देते हैं। इस्लाम ने इस को ह़राम क़रार दिया है। फ़रमाया कि इस्लाम में लव मैरिज का तसव्वुर नहीं बल्कि लव आफ़्टर मैरिज (शादी के बाद मुह़ब्बत) Love after Marraige का तसव्वुर है। जब निकाह़ हो गया तो जितनी मुह़ब्बत करोगे उतना अल्लाह तआ़ला की तरफ़ से अज्र मिलेगा।

इस अज्र का तसव्वुर यहाँ तक पेश किया गया है कि नबी करीम (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमाया कि जब मियाँ अपनी बीवी को देखकर मुस्कुराता है और बीवी अपने मियाँ को देखकर मुस्कुराती है तो अल्लाह तआ़ला उन दोनों को देखकर मुस्कुराते हैं। इस से अन्दाज़ा लगाना चाहिए कि अल्लाह तआ़ला मुह़ब्बतों भरी ज़िन्दग़ी को कितना पसन्द करते हैं।

## निकाह़ के एेलान का हुक्म–

निकाह़ एेलान करके करना चाहिए। रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने फ़रमायाः–

*"निकाह़ की एक दूसरे के दर्मियान तश्हीर (एलान) करो"।*

जुमअ़ के दिन अ़स्र की नमाज़ के बाद मस्जिद में निकाह़ का पढ़ना सुन्नत है क्योंकि मस्जिद में ज़्यादा लोग होते हैं और हुक्म भी यही है कि ज़्यादा लोगों को बुलाना चाहिए ताकि निकाह़ का एलान हो जाए। इस में सवाब ज़्यादा मिलता है।

## मस्जिद में निकाह़ का फ़ायदा-

मस्जिद में निकाह़ करने में एक ख़ास बात यह है कि अगर घरों में निकाह़ होगा तो आप देखेंगे कि कोई बैठा सिगरेट पी रहा होगा, कोई तस्वीरें बना रहा होगा यानी हर एक के दिल ग़ाफ़िल होंगे। ह़ालांकि निकाह़ का वह वक़्त होता है जब कि दो लोगों के नई ज़िन्दगी की बुनियाद रखी जा रही होती है और इस बुनियाद में उन को दुआ़ओं की ज़रूरत होती है। निकाह़ के वक़्त ज़्यादा लोगों को बुलाने का मक़्सद ही यही होता है कि ज़्यादा लोगों की दुआ़ओं से उन के नये घर की बुनियाद पड़े। इसलिए घर और मस्जिद में पढ़े गये निकाह़ में ज़मीन व आसमान का अन्तर है।

इस में उ़लमा और परहेज़गार पाक-साफ़ लोग होते हैं, उन सब की दुआ़एँ नसीब होती हैं और अल्लाह तआ़ला उन की दुआ़ओं की बरकत से पूरी ज़िन्दगी में ख़ुशियाँ नसीब करेगा। इन्शा अल्लाह।

## निकाह़ का तरीक़ा

निकाह़ का सुन्नत तरीक़ा यह है कि चन्द मुसलमानों या कम से कम दो मर्दों या एक मर्द और दो औ़रतों की मौजूदगी में ईजाब व क़ुबूल हो।

चूंकि दुल्हन (औ़रत) पर्दे में होती है, इसलिए लड़की के वकील की हैसियत से एक शख़्स हो और दो गवाह, जो लड़की के रज़ामन्दी की इत्तिला क़ाज़ी को दें और फिर क़ाज़ी निकाह़ पढ़ाये।

## निकाह़ का ख़ुत्बः

निकाह़ (ईजाब व क़ुबूल) के वक़्त ख़ुत्बः पढ़ना सुन्नत है। निकाह़ होने के



बाद खजूर या छुआरा तक़्सीम करना मुस्तह़ब है। निकाह़ के वक़्त ही महेर मुक़र्रर हो जाना चाहिए जो न बहुत कम हो जिस से औ़रत की अहमियत घट रही हो और न इतना ज़्यादा हो कि जिस का अदा करना शौहर के लिए नामुम्किन (असम्भव) हो। महेर की अदायगी या कम से कम उस के कुछ ह़िस्से की अदायगी तुरन्त हो जाए तो बेहतर है।

## ख़ुत्बः के शब्द-

**نحمدهٗ وَنَستعينهٗ ونستغفره.......................امّا بعد.**

"तमाम तअ़रीफ़ें अल्लाह ही के लिए हैं, हम उसी की तअ़रीफ़ करते हैं और उसी से मदद चाहते हैं, और उसी से माफ़ी के तलबग़ार हैं और उसी पर ईमान लाते हैं। उसी पर भरोसा करते हैं, अल्लाह की पनाह चाहते हैं। जिस इन्सान को अल्लाह सही रास्ता दिखाए उसको कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिसको अल्लाह रास्ता न दिखाए उसको कोई रास्ता नहीं दिखा सकता। हम इस बात की गवाही देते हैं कि अल्लाह के अ़लावा कोई इ़बादत के लायक़ नहीं और हम इस बात की गवाही देते हैं कि ह़ज़रत मुह़म्मद (सल्ल०) अल्लाह के बन्दे और उसके रसूल हैं।"

**अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है:**

يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُم مِّن نَّفْسٍ وَاحِدَةٍ وَخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيرًا وَنِسَاءً ۚ وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي تَسَاءَلُونَ بِهِ وَالْأَرْحَامَ ۚ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيبًا ①

"ऐ लोगों! अपने रब से डरो, जिसने तुम को एक जान से पैदा किया और उसी से उसका जोड़ा पैदा किया, और उन दोनों से कसरत से (भारी संख्या में) मर्द और औ़रत फैला दिये; और अल्लाह से जिसका वास्ता देकर तुम एक-दूसरे के सामने अपनी माँगे रखते हो 'डरो', और नाते-रिश्ते (काटने) से, बेशक अल्लाह तुम्हारी निगरानी कर रहा है।" **(सूरः निसा-1)**

**अल्लाह तआ़ला का इर्शाद है-**

يَآيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ حَقَّ تُقٰتِهٖ وَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَ اَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ۝

"ऐ ईमान वालों! अल्लाह से डरो, जैसा कि उससे डरने का ह़क़ है, और न मरना सिवाय इस ह़ाल में कि तुम मुस्लिम हो।" **(सूरः आले इमरानः 102)**

**अल्लाह तआ़ला का इर्शाद है:**

يَآيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَقُوْلُوْا قَوْلًا سَدِيْدًا۝

"ऐ ईमान वालों! अल्लाह से डरो और बात सीधी कहा करो।" **(सूरः अह़ज़ाबः 70)**

**ह़ज़रत मुह़म्मद (सल्ल०) ने फ़रमायाः**

"أَتَزَوَّجُ النِّسَاءَ فَمَنْ رَغِبَ عَنْ سُنَّتِي فَلَيْسَ مِنِّي."

"मैं तो औ़रतों से निकाह़ करता हूँ, तो जिस ने मेरे तरीक़े से मुँह फेरा वह मुझ में से नहीं।" **(सह़ीह़ बुख़ारी व मुस्लिम, किताबुल् निकाह़)**

रसूलुल्लाह (सल्ल०) इन आयात को निकाह़ के ख़ुत्बों में आ़मतौर से पढ़ा करते थे। इन आयतों में इन्सानियत के पहले जोड़े की पैदाइश का ज़िक्र है, जिस से करोड़ों मर्द औ़रत पैदा हुए और फिर इस वाक़िये (घटना) को सामने रखकर बताया गया है कि हम को चाहिए कि हम अपने कारोबार और मामलात में अपने उस ख़ालिक़ का और उन रिश्तों का लिह़ाज़ रखें। निकाह़ न हो तो दुनिया का कोई रिश्ता पैदा ही न हो, इसलिए दुनिया की हर क़राबत और तअ़ल्लुक़ का रिश्ता उसी की वजह से वजूद में आया है और इस नुक़्ते से भी दुनिया में निकाह़ की अहमियत बहुत बड़ी है कि इसी से सारी दुनिया की मुह़ब्बत और उल्फ़त की शुरुआ़त होती है।

## ह़ज्जतुल् विदाअ़ और बीवी-शौहर के ह़ुक़ूक़-

"लोगों! औ़रतों के ह़क़ में मेरी नेकी की वसीयत को मानो कि यह तुम्हारे हाथों में क़ैद हैं, तुम सिवा इस के किसी और बात का ह़क़ नहीं रखते, लेकिन यह कि वह खुली बेह़याई का काम करें, अगर ऐसा करें तो उन को अपने बिस्तरों से अलग कर दो और उन को हल्की मार मारो, अगर वह तुम्हारी बात मान लें



तो उन पर इल्ज़ाम लगाने के बहाने न ढूंढ़ों, बेशक तुम्हारा औ़रतों पर और औ़रतों का तुम पर ह़क़ है, तुम्हारा ह़क़ तुम्हारी औ़रतों पर यह है कि वह तुम्हारे बिस्तर को दूसरें से पामाल न कराएँ जिन को तुम नापसन्द करते हो और न तुम्हारे घरों में उन को आने की इजाज़त दें, जिन का आना तुम को पसन्द नहीं और हाँ! उन का ह़क़ तुम पर यह है कि उन के पहनाने और खिलाने में नेकी करो।" **(इब्ने माजा, किताबुन् निकाह़)**

## महेर का ह़क़

निकाह़ एक मुआ़हिदा है जो बीवी-शौहर के बीच तय होता है। इस मुआ़हिदे में अगर कोई औ़रत अपनी तरफ़ से शरायत रखना चाहे तो शरीअ़त ने इस की गुन्जाइश रखी है कि इतने महेर में मैं निकाह़ करुँगी।

## महेर की सुन्नतें-

महेर के मामले में तीन सुन्नतें हैं। अपनी हैसियत के मुताबिक़ इन तीनों में से किसी एक सुन्नत पर अ़मल करना चाहिए और महेर की कम से कम मिक़्दार दस दिरहम चाँदी होती है, जिसका वज़न मौजूदा ग्राम के एतिबार से 30 ग्राम 688 मिलीग्राम चाँदी होती है। **(ईज़ाहुल् मसायल पेज नं० 129)**

### (1) महेर फ़ातिमी-

महेर फ़ातिमी, यानी ह़ज़रत फ़ातिमा रज़ियल्लाहु अ़न्हा का महेर या फिर सय्यदा आ़ईशा सिद्दीक़ा रज़ियल्लाहु अ़न्हा का महेर जिसे रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने अदा फ़रमाया उस को रखा जाए तो यह सुन्नत है।

### (2) महेर मिस्ल-

लड़की के क़रीबी रिश्तेदारों का आ़मतौर से जो महेर हो, जैसे- माँ, ख़ाला, बहन, फूफी आदि का उस को महेर मिस्ल कहा जाता है। उन के बराबर महेर बाँधना भी सुन्नत है।

### (3) लड़की के एतिबार से महेर-

लड़की की योग्यता, नेकी और शराफ़त को सामने रखते हुए उस के निकाह़ का महेर मुक़र्रर किया जाए। (कुछ लोग समझते हैं कि लड़के का एतिबार कर

के महेर बाँधा जाए यह ग़लत है।)

शरीअ़त ने इन तीन तरह़ के अख़्तियारात दिये हैं। इन में से जिसे चाहे पसन्द कर ले उसे सुन्नत का सवाब मिलेगा।

## आप (सल्ल०) का महेर-

ह़ज़रत आ़इशा रज़ियल्लाहु अ़न्हा से पूछा गया कि रसूलुल्लाह (सल्ल०) की बीवियों का महेर कितना था, उन्होंने कहा बारह अवक़िया और एक नश। फिर फ़रमाया, जानते हो नश क्या है? रावी ने कहा नहीं, तो आप ने फ़रमाया निस्फ़ अवक़िया लगभग पाँच सौ दिरहम हुआ। यही आप (सल्ल०) की बीवियों का था, मगर उम्मे ह़बीबा का महेर चार हज़ार दिरहम था, जिसे नज्जाशी ने आप (सल्ल०) की तरफ़ से अदा किया था। **(तफ़्सीर मज़हरी भाग- पेज नं० 51)**

## महेर फ़ातिमी-

ह़ज़रत सय्यदह फ़ातिमा रज़ियल्लाहु अ़न्हा का महेर रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने पाँच सौ दिरहम रखा था। **(शरह़ मुवाहिब भाग 2, पेज नं० 473)**

ह़ज़रत फ़ातिमा रज़ियल्लाहु अ़न्हा के महेर को महेर फ़ातिमी कहते हैं कि जितना उन का महेर था, उतना यानी महेर फ़ातिमी होता है। 500 दिरहम जिस की मिक़्दार मुफ़्ती मुह़म्मद शफ़ीअ़ साह़ब ने लिखा है। 31 तोला तीन माशा के बराबर चाँदी यानी एक किलो 531 ग्राम चाँदी या उस की क़ीमत।

**(इस्लामी फ़िक़्ः भाग 2 पेज नं० 58)**

## महेर की क़ीमत-

आजकल चूंकि रुपये की क़ीमत जल्द घटती बढ़ती रहती है (घटती ज़्यादा है) इसलिए अच्छा यह है कि महेर सोने या चाँदी के वज़न में मुक़र्रर किया जाए वैसे किसी भी मालियत रखने वाली चीज़ (चाहे ग़ल्ला हो, जायदाद हो, कपड़ा हो, कोई क़ीमती चीज़ हो बशर्ते कि तय की जा सकती हो) का महेर मुक़र्रर किया जा सकता है, महेर का अदा करना दूसरे क़र्ज़ों की तरह़ ज़रूरी है, महेर अदा करने की जल्द से जल्द कोशिश करनी चाहिए। औ़रत की तरफ़ से रस्मी और दिखावे से महेर माफ़ नहीं होता। हाँ, अगर खुशदिली से बग़ैर किसी दबाव और धौंस के माफ़ कर दे तो हो सकता है।



निकाह़ के वक़्त महेर का ह़क़ मुक़र्रर करते हुए कहा जाता है कि महेर मुअ़ज्जल होगा या मुवज्जल होगा। मुअ़ज्जल का मतलब है जल्दी करना। यानी मियाँ-बीवी के इकट्ठे होने से पहले महेर मुअ़ज्जल अदा करना ज़रूरी है। पति अगर अदा नहीं करेगा तो गुनाहगार होगा।

महेर की दूसरी क़िस्म मुवज्जल है। इस का मतलब है जब बीवी चाहे अपनी इच्छा से बाद में ले सकती है। शौहर के लिए मुनासिब नहीं कि महेर का ह़क़ माफ़ करवाने के लिए बीवी पर दबाव डाले।

# वलीमा

निकाह़ के बाद वलीमा करना सुन्नत है। बाआसानी (बिला क़र्ज़ लिए) जितने लोगों को खिलाया जा सके खिला दिया जाए। ग़रीबों और मिस्कीनों को इस में ज़रूर दअ़वत दी जाए क्योंकि खाने की जिस दअ़वत में सिर्फ़ मालदारों और दौलतमन्दों को बुलाया जाए ग़रीबों को छोड़ दिया जाए उसे अल्लाह के रसूल (सल्ल०) ने बद्तरीन दअ़वत क़रार दिया है।

ह़ज़रत अ़ली (रज़ि०) ने अपने वलीमा में जौ और मकई खिलाया था।

**(तब्रानी भाग 9, पेज नं० 209)**

## रसूलुल्लाह (सल्ल०) का वलीमा-

रसूलुल्लाह (सल्ल०) का वलीमा तीन तरह़ हुआ था।

एक वलीमा तो इस तरह़ हुआ था कि सफ़र में निकाह़ और रुख़्सती भी हुई तो सुबह़ रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने दस्तरख़्वान बिछवा कर सह़ाबा से फ़रमाया कि तुम्हारे पास जो है लेकर आओ, सह़ाबा लेकर आये और आप (सल्ल०) ने फ़रमाया कि यह तुम्हारी माँ का वलीमा है। **(बुख़ारी भाग एक, पेज 53, 54)**

दूसरा वलीमा रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने इस तरह़ किया था कि एक प्याला दूध का हदिया आया था, ख़रीदा नहीं गया था वही पी लिया गया और पिला दिया गया।

**(मुस्नद अह़मद, भाग 9, पेज नं० 227)**

तीसरा वलीमा ह़ज़रत ज़ैनब (रज़ि०) का निकाह़ जो आसमान पर हुआ था उस के वलीमा में रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने बकरी ज़िबह़ फ़रमाई और गोश्त रोटी

सब को खिलाया। **(मुस्लिम भाग 1, पेज नं० 460)**

आप (सल्ल०) के घर में सहाबा बारी-बारी आते रहे और खाते रहे।

## जहेज़ या लड़की वालों से माँग करना-

सब से ज़्यादा शरीअ़त की ख़िलाफ़वर्ज़ी निकाह़ में होती है यानी शादी के मौक़े पर की जाती है और बड़े अफ़्सोस की बात है कि शादी के मौक़े पर हर रिश्तेदार को राज़ी करने की कोशिश की जाती है यहाँ तक कि ख़ादिमों और नौकरों को भी, मगर अल्लाह और उसके रसूल (सल्ल०) को ख़ुश करने के बजाए (शरीअ़त की ख़िलाफ़वर्ज़ी कर के) नाराज़ किया जाता है, ह़ालांकि ज़रूरत इस बात की थी कि ऐसे मौक़े पर अल्लाह और रसूल (सल्ल०) को राज़ी करने की पूरी कोशिश की जाती चाहे उस के नतीजे में कोई इन्सान नाराज़ होता।

शादी के मौक़े पर औ़रत (दुल्हन) पर शरीअ़त ने कोई ख़र्च ज़रूरी नहीं किया। न जहेज़, न बारात को खाना खिलाना, न बरातियों की ख़ातिर करना, बल्कि लड़के (होने वाले दुल्हा) का बीवी (दुल्हन) या उस के सरपरस्तों (बाप वग़ैरह) से जहेज़ का या बारात को खाना खिलाने का या उन की ख़ातिर करने की माँग करने और उन्हें इन बातों पर मजबूर करने पर लड़की वाले ने अगर बारात के खाने या नाश्ते का जबरन इन्तिज़ाम किया तो उस का खाना किसी बाराती या दुल्हा और उस के रिश्तेदारों तक के लिए जायज़ नहीं होगा। ह़दीस शरीफ़ में है:

**"لا يحل مال امرى مسلم الا بطيب نفس منه"** (مسند احمد ج ۵ ص ۱۳۳)

"किसी मुसलमान का माल (इस्तेमाल करना) उस की ख़ुश दिली के बग़ैर ह़लाल नहीं"।

इसी तरह़ अगर फ़रमाइश कर के जहेज़ लिया गया या नक़्द रक़म ली जाए इस का कोई जवाज़ नहीं तो भी मर्द (दुल्हा) या लड़के वालों के लिए सह़ी नहीं। निकाह़ के वक़्त और बहुत सी जो रस्में, ग़ैर मुस्लिमों के देखा-देखी मुसलमानों में रिवाज पा गई हैं उन से बचना चाहिए।

जैसे- गाना, बाजा, वीडियो का इस्तेमाल ग़ैर मह़रम मर्दों और औ़रतों का एक साथ उठना-बैठना, खाना-पीना, ग़ैर मह़रम मर्दों के सामने औ़रतों का बेपर्दा



सामने आना या वीडियो फ़िल्म बनाना आदि।

## दुल्हा और दुल्हन की मुलाक़ात

रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमाया, तुम में से कोई शख़्स जब किसी औ़रत से शादी करे तो उसे चाहिए कि उसकी पेशानी (मस्तिष्क) पर हाथ रखकर अल्लाह तआ़ला का नाम ले और यह दुआ़ करे-

**اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُکَ مِنْ خَيْرِهَا وَخَيْرِ مَا جَبُلتَهَا عَلَيْهِ وَاَعُوْذُبِکَ مِنْ شِرِّهَا وَشَرِّ مَا جَبلْتَهَا عَلَيْهِ۔** (بخاری،ابوداؤد)

ऐ अल्लाह! मैं इस की भलाई और इसकी फ़ित्री (Natural) आ़दतों की भलाई का सवाल करता हूँ और मैं इसकी बुराई और इस की फ़ित्री (Natural) आ़दतों की बुराई से आप की पनाह माँगता हूँ।

2- दुल्हा और दुल्हन को चाहिए कि दो रकअ़त नफ़्ल नमाज़ पढ़कर अल्लाह तआ़ला से ख़ैर व बरकत की दुआ़ करे।

3- दुल्हा को चाहिए कि दुल्हन के साथ नर्मी से बात करे और उसे खाने-पीने की कोई चीज़ पेश करे। इसलिए कि रसूलुल्लाह (सल्ल०) जब ह़ज़रत आ़ईशा (रज़ियल्लाहु अ़न्हा) के पास तशरीफ़ लाए तो दूध का एक प्याला साथ लाये, खुद पिया फिर ह़ज़रत आ़ईशा (रज़ियल्लाहु अ़न्हा) को दिया तो उन्होंने सर झुका लिया और शर्मा गईं।

बिलाशुब्हा यह बीवी को मानूस करने और उस से आपसी मुह़ब्बत को मज़बूत करने का ज़रिया है।

4- हमबिस्तरी या सम्भोग के आदाब में से एक अदब यह है कि दुल्हा-दुल्हन दोनों बिल्कुल नंगे न हों। इसलिए कि रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमायाः

**ان الله تعالى حيى ستير يحب الحياء والستر۔** (احمد،ترمذی)

बेशक अल्लाह तआ़ला ह़या (शर्म) और सतर (पर्दा) वाले हैं और ह़या और पर्दा को पसन्द करते हैं।

आप ने इर्शाद फ़रमाया कि तुम नंगे होने से बचो, इसलिए कि तुम्हारे साथ वह (फ़रिश्ते) हैं जो तुम से बाथरूम और हमबिस्तरी (सम्भोग) के समय अलग

होते हैं इसलिए उन से शर्म करो और उनका सम्मान करो।

5- हमबिस्तरी के समय यह दुआ माँगे-

بِسْمِ اللهِ اَللّٰهُمَّ جَنِّبْنَا الشَّيْطٰنَ وَجَنِّبِ الشَّيْطٰنَ مَا رَزَقْتَنَا ۔ (بخاری)

बिस्मिल्लाह, ऐ अल्लाह! हम को शैतान से बचा ले और शैतान को इस औलाद से दूर फ़रमा दे जो तू हमें अ़ता फ़रमाए। **(बुख़ारी)**

इस से अगर अल्लाह तआ़ला ने उन के लिए औलाद लिखी होगी तो शैतान उस को कभी नुक़्सान नहीं पहुँचा सकेगा।

6- बीवी से जिस तरह़ चाहे हमबिस्तरी (सम्भोग) कर सकता है बशर्ते कि यह काम फ़र्ज (यानी अगले रास्ते) के ज़रिये से हो। इसलिए कि अल्लाह तआ़ला इर्शाद फ़रमाते हैं:-

نِسَآؤُكُمْ حَرْثٌ لَّكُمْ فَأْتُوْا حَرْثَكُمْ اَنّٰى شِئْتُمْ

तुम्हारी बीवियाँ तुम्हारे लिए खेत की तरह़ से हैं। सो अपने खेत में जिस तरह़ होकर चाहे आओ। **(सूरः बक़रः आयत नं० 223)**

मतलब यह है कि अपनी बीवियों से हमबिस्तरी उस रास्ते से करे। जहाँ से बच्चा पैदा होता है जिस तरह़ से चाहे, चाहे सामने की तरफ़ से हो या पहलू बदल कर।

7- अगर एक बार के बाद दुबारा इच्छा हो तो मुस्तह़ब यह है कि पहले वुज़ू कर ले इसलिए कि दोनों सोह़बतों (सम्भोग) के दर्मियान वुज़ू कर लेने से सुस्ती दूर हो जाती है। रसूलुल्लाह (सल्ल०) का इर्शाद है, "जब तुम में से कोई शख़्स अपनी बीवी से सोह़बत (सम्भोग) करे और दोबारा फिर वही काम करना चाहे तो उसे चाहिए कि वुज़ू कर ले और अगर दोनों हमबिस्तरियों (सम्भोग) के दर्मियान ग़ुस्ल कर लिया जाए तो और ज़्यादा बेहतर है"। **(अबूदाऊद)**

8- मियाँ बीवी दोनों के ह़क़ में अफ़ज़ल यह है कि ग़ुस्ल करने में जल्दी करे और अगर सोने से पहले सुस्ती की वजह से ग़ुस्ल न कर सके तो मुस्तह़ब यह है कि कम से कम वुज़ू कर के सोये। ह़ज़रत आ़इशा (रज़ियल्लाहु अ़न्हा) के बयान से रसूलुल्लाह (सल्ल०) का ऐसा ही मअ़मूल साबित होता है। **(मुस्लिम)**



9- मियाँ-बीवी एक बर्तन से ग़ुस्ल कर सकते हैं। इसलिए कि ह़ज़रत आ़इशा सिद्दीक़ा रज़ियल्लाहु अ़न्हा फ़रमाती हैं कि मैं और रसूलुल्लाह (सल्ल०) एक बर्तन से ग़ुस्ल किया करते थे जो मेरे और आप के दर्मियान रखा रहता था। हम दोनों के हाथ एक दूसरे के हाथ से उस बर्तन में टकरा जाते थे। आप मुझ से पहले फ़ारिग़ हो जाते थे यहाँ तक कि मैं यह कहा करती थी कि मेरे लिए भी (पानी) छोड़ दीजिए, मेरे लिए भी छोड़ दीजिए। **(तिर्मिज़ी भाग 1, पेज नं० 567)**

(10) मियाँ-बीवी के लिए यह ह़राम है कि वह दूसरों के सामने तन्हाई की बातें ज़बान या इशारे से बयान करें। रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने फ़रमाया, "क़ियामत के दिन अल्लाह तआ़ला के यहाँ दर्जे के एतिबार से सब से बुरा वह शख़्स होगा जो अपनी बीवी से हमबिस्तरी करे, फिर उस के राज़ को दूसरों के सामने बयान करे।" **(मुस्लिम, अबूदाऊद)**

(11) मर्द के लिए औ़रत के पिछले रास्ते से सोह़बत करना ह़राम है क्योंकि रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने इर्शाद फ़रमाया, अल्लाह तआ़ला ऐसे शख़्स की तरफ़ रह़मत की नज़र न फ़रमाएँगे जो अपनी बीवी के पिछले रास्ते से सोह़बत करे"। **(नसई, इब्ने ह़ब्बान)**

रसूलुल्लाह ने इर्शाद फ़रमाया कि जो शख़्स औ़रतों के पिछले रास्ते से सोह़बत (सम्भोग) करता है वह मल्ऊन है। **(अबूदाऊद)**

(12) ह़ैज़ व निफ़ास की ह़ालत में औ़रत से ह़मबिस्तरी करना ह़राम है। इसलिए कि अल्लाह तआ़ला का इर्शाद है-

***तो ह़ैज़ के ज़माने में तुम औ़रतों से अलग रहा करो।*** (सूरः बक़रः आयत नं० 222)

निफ़ास की ह़ालत (यानी जब बच्चा पैदा होता है उस के बाद) में औ़रतों से हमबिस्तरी का ह़राम होना साबित है यानी निफ़ास को ह़ैज़ पर क़यास किया गया है इसलिए कि दोनों का कारण एक ही है और इस के ह़राम होने पर पूरी उम्मत सहमत है।

# भाग-2

# मर्द की ज़िम्मेदारियाँ



## मर्द की ज़िम्मेदारियाँ

इस्लाम ने मर्द पर औ़रत के महेर, नफ़्क़ा और निगेहबानी व ख़बरग़ीरी की ज़िम्मेदारी रखी है। इसलिए वह मर्द को औ़रत पर चन्द ऐसे अख़्तियारात अ़ता करता है जो घरेलू ज़िन्दगी का नज़्म बरक़रार रखने और अपने घर के अख़्लाक़ और अच्छे समाज की हिफ़ाज़त करने और ख़ुद अपने हुक़ूक़ को बर्बाद होने से बचाने के लिए इस को ह़ासिल होने ज़रूरी हैं।

मर्द का पहला फ़र्ज़ यह है कि औ़रतों को महेर अदा करे।

**अल्लाह तआ़ला का इर्शाद हैः**

وَاٰتُوا النِّسَآءَ صَدُقٰتِهِنَّ نِحْلَةً

और तुम औ़रतों को उनके महेर ख़ुशी से अदा कर दिया करो।

**(सूरः निसा आयत नं० 4)**

निकाह़ के वक़्त से महेर के बाद मर्द पर तीन चीज़ें वाजिब हो जाती हैंः-

(1) बीवी का खाना

(2) कपड़ा (चाहे ख़ुद औ़रत कितनी ही मालदार हो।)

(3) रिहाइश के लिए मकान। हाँ, अगर औ़रत बावजूद बुलाने के बिलावजह शरई़ मर्द के घर नहीं जाती या बग़ैर इजाज़त बिलावजह मर्द के घर से मैके चली जाती है तो जब तक मर्द के घर लौट कर न आएगी नान व नफ़्क़ा (ख़र्चा) मर्द के ज़िम्मे वाजिब नहीं होगा। अगर मर्द की इजाज़त से माँ-बाप या किसी क़रीबी मह़रम के घर गई है तब भी उतने दिन का नान व नफ़्क़ा मर्द के ज़िम्मे है।

बीमारी के ज़माने में नान व नफ़्क़ा भी मर्द के ज़िम्मे वाजिब है चाहे मर्द के घर पर बीमार हो या मैके में, लेकिन ऐसी ह़ालत में शौहर अपने घर पर बुलाये और औ़रत बिलाहक़ शरई़ जाने से इन्कार करे, तो औ़रत नान व नफ़्क़ा (ख़र्चा) की ह़क़्दार नहीं रहती। **(दुर्रे मुख़्तार)**

सफ़र-ए-ह़ज के ज़माने का नान व नफ़्क़ा शौहर (पति) के ज़िम्मे नहीं है। हाँ, अगर शौहर के साथ जाए तो शौहर के ज़िम्मे किराया होगा या शौहर (पति)

खुद ले जाए तब भी किराया शौहर ही के ज़िम्मे लाज़िम होगा। **(दुर्रे मुख़्तार, शामी)**

## ज़ीनत की चीज़ें

इसी तरह सफ़ाई और ज़ीनत की चीज़ें जैसे- तेल, कंघी, साबुन वग़ैरह मर्द के ज़िम्मे हैं। पान वग़ैरह शौहर के ज़िम्मे वाजिब नहीं, उस को अख़्तियार है और ज़ेवर भी मर्द के ज़िम्मे वाजिब नहीं, उस की खुशी पर है।

## बच्चे का दूध

बच्चे को दूध पिलाना क़ानूनन वाजिब नहीं, लेकिन दियानतन वाजिब है इसलिए कि अल्लाह तआ़ला का इर्शाद हैः-

وَالْوَالِدٰتُ يُرْضِعْنَ اَوْلَادَهُنَّ

"और माएँ अपनी औलाद को दूध पिलायें"। **(सूरः बक़रः आयत नं० 233)**

अगर बाप मोह़ताज है दूध पिलाने वाली को उजूरत पर नहीं रख सकता या ऊपर का दूध बच्चे को नहीं भाता तो हर ह़ाल में औ़रत पर ही दूध पिलाना वाजिब है।

अगर किसी दूध पिलाने वाली से दूध पिलवाये तो माँ के सामने और उस की निगरानी में पास रहकर दूध पिलाने वाली शर्त ज़रूरी है। **(शामी, दुर्रे मुख़्तार)**

**अल्लाह तआ़ला का फ़रमान हैः-**

وَلَا تُضَآرُّوْهُنَّ لِتُضَيِّقُوْا عَلَيْهِنَّ وَاِنْ كُنَّ

"और उन को तंग करने की ग़र्ज़ से तक्लीफ़ न पहुँचाओ"।

**(सूरः तलाक़ आयत नं० 6)**

"इस तरह़ न तो माँ को उस के बच्चे की वजह से नुक़्सान पहुँचाया जाए और न बाप को उस के बच्चे की वजह से नुक़्सान पहुँचाया जाए"।

## दवा इ़लाज का ख़र्च

दवा इ़लाज और डाक्टर का ख़र्चा मर्द के ज़िम्मे वाजिब नहीं है। मर्द को अख़्तियार है। **(बहरुर्रायक, आ़लमग़ीरी, दुर्रेमुख़्तार, फ़त्हुलक़दीर वग़ैरह)**



लेकिन हिन्दुस्तान में चूंकि इस ख़र्चे का उ़र्फ़ ठहर चुका है, इसलिए औ़रतें इस का मुताल्बा करती हैं और उर्फ़ में भी मर्द को ज़िम्मेदार समझा जाता हैं। सब के ज़ेहन में यही बात रहती है और जो उर्फ़ (समाज) में इस पर लापरवाही करता है उस पर मलामत की जाती है और मर्द को ज़ालिम समझा जाता है और अगर पहले से यह मालूम हो कि मर्द इलाज नहीं कराएगा तो कोई औ़रत निकाह़ के लिए हरगिज़ तैयार न होगी, लिहाज़ा यह ख़र्चा भी शरअ़न वाजिब न था, लेकिन उर्फ़ (सामाजिक ह़ालात) की वजह से शौहर के ज़िम्मे वाजिब हो गया है।

اَلْمَعْرُوْفُ كَالْمَشْرُوْطِ

"मशहूर मिस्ल मशरूत के होता है"। **(शामी)**

इस तरह़ हर वह ख़र्चा उ़र्फ़े आ़म में जो शौहर के ज़िम्मे समझा जाता हो और वह आ़म हो गया हो तो वह भी मर्द के ज़िम्मे वाजिब होगा और यह हर जगह, हर ज़माने और हर क़ौम का अलग होगा और बच्चे की पैदाइश के समय का ख़र्च यानी डाक्टर की फ़ीस सही़ क़ौल के मुताबिक़ शौहर (पति) के ही ज़िम्मे है। **(शामी)**

## मह़ारिम से मिलने का ह़क़

औ़रत माँ-बाप से मिलने के लिए हफ़्ते में एक बार और दूसरे मह़रमों से साल में एक बार, बाज़ के नज़्दीक महीने में एक मर्तबः और सही़ क़ौल के मुताबिक़ कभी-कभी जब मिलने का शौक़ हो उ़र्फ़ (आ़म चलन) के मुताबिक़ जाकर मिल सकती है। इसी तरह़ बीवी के घर वाले भी आकर मिल सकते हैं। मर्द को मना करने का ह़क़ नहीं है, अल्बत्ता उस से जल्दी मिलने और ज़्यादा ठहरने को मर्द अगर चाहे मना कर सकता है।

अगर बिल्कुल मना करे तो बीवी के लिए इताअ़त (मानना) जायज़ नहीं। बिला इजाज़त भी जा सकती है और उस के घर वाले आ सकते हैं, क्योंकि क़तअ़ रह़म बड़ा ज़ुल्म और ह़राम है चाहे मह़रम ज़िम्मी ही हों, लेकिन शौहर के मना करने के बावजूद चले जाने के बाद से वापसी तक के नान व नफ़्क़ा की औ़रत ह़क़्दार न रहेगी। **(शामी)**

'ह़ाशिया अल् मदनी' में है कि ह़क़्दार रहेगी, इस क़द्र नाफ़रमानी नहीं है।

**(ग़ायतुलअवतार)**

सही क़ौल यह है कि मर्द महरमों को औरत के पास घर में आने से मना नहीं कर सकता अगरचे मर्द का घर है, लेकिन महरमों को अन्दर आने से मना करने का उसका हक़ नहीं है। अलबत्ता रात को ठहरने या बाज़ उज़्र की वजह से बहुत ज़्यादा ठहरने को मना कर सकता है। **(शामी)**

"और मर्द व औरत के महरमों को थोड़ी देर के लिए देखने और बातचीत करने से भी मना नहीं कर सकता"।

لَمَا فِيْهِ مِنْ قَطِيْعَةِ الرّحِمِ

"इसलिए कि इस में कतअ़ रहम है"। **(हिदाया)**

"और औरत को अपने महारिम की बीमारपुर्सी (अ़यादत) और ताज़ियत के लिए जाने का भी हक़ और इजाज़त है। **(ग़ायतुलअवतार)**

## माँ-बाप लाचार हों तो-

अगर औरत के माँ-बाप लाचार बीमार हों या ज़्यादा बूढ़े अपाहिज हो गये हों और कोई देखने वाला और ख़िद्मत करने वाला न हो तो औरत पर उन की ख़िद्मत और ख़बरगीरी ज़रूरत के मुताबिक़ लाज़िम है (चाहे हर दिन जाने की ज़रूरत पड़े) अगरचे माँ-बाप काफ़िर हों और चाहे शौहर मना भी करे तो भी जाए उस को मना करने का हक़ नहीं है। **(दुर्रे मुख़्तार-शामी)**

"और नफ़्क़ा की भी हक़्दार रहेगी, यह नाफ़रमानी नहीं है। **(ह़ाशियतुल़ मदनी)**

## ग़ैर महरम के यहाँ जाने पर रोक-

ग़ैर महरम के यहाँ जाने से और शादी वग़ैरह में जाने से अगर शौहर चाहे तो मना कर सकता है और खेल-तमाशा (या पिक्चर) की मजलिसों में शिरकत की इजाज़त देना नाजायज़ है। अगर इजाज़त देगा तो दोंनो गुनाहगार होंगे। **(दुर्रेमुख़्तार शामी)**

अगर बीवी के घरवाले वाक़ई ख़राब बद्अख़्लाक़ हों और चोरी या फ़ित्ना का ख़ौफ़ हो, तो अपनी मौजूदगी में बातचीत और मुलाक़ात करा सकता है, बग़ैर किसी शरई उज़्र के रुकावट डालना सख़्त ज़ुल्म है। **(फ़तावा देवबन्द)**



## नान व नफ़्क़ा (मकान और रोटी, कपड़ा)-

इन्सान के तीन दर्जे के होते हैंः-

(1) रईस (अमीर)
(2) दर्मियानी (माध्यम)
(3) ग़रीब

रिवायत में सिर्फ़ शौहर के हाल का एतिबार है यानी अगर शौहर रईस व अमीर है तो आ़म अमीरों की तरह़ और दर्मियान (माध्यम) मालदार है तो आ़म लोगों की तरह़ और अगर ग़रीब है तो आ़म ग़रीबों की तरह़ रोटी कपड़ा और रिहाइशी मकान देना और एक दूसरी रिवायत में है कि मर्द औरत दोनों के ह़ाल का एतिबार किया जाएगा। जैसे- अगर मर्द अमीर है और औरत ग़रीब ख़ानदान की है तो दर्मियानी लोगों की तरह़ रोटी कपड़ा और मकान दे सकता है। **(शामी)**

लेकिन फिर भी मुस्तह़ब यह है कि अमीरों की तरह़ जो ख़ुद खाये वही खिलाये और जैसा ख़ुद पहने वैसा ही पहनाये। **(दुर्रेमुख़्तार)**

हर दर्जे के लोग अपने-अपने दर्जे के मुताबिक़ हर मौसम के एतिबार से कपड़े दें जिस में औरत तंगी महसूस न करे।

وَلَا تُضَآرُّوْهُنَّ لِتُضَيِّقُوْا عَلَيْهِنَّ

## रिहाईशी मकान की शर्तें

(1) अगर कोई उज़्र शदीद और सख़्त मजबूरी न हो तो मर्द को चाहिए कि जहाँ ख़ुद रहता हो वहाँ औरत को अपने पास ही रखे।

اَسْكِنُوْهُنَّ مِنْ حَيْثُ سَكَنْتُمْ مِّنْ وُّجْدِكُمْ

"तुम उन मुतल्लक़ा औरतों के रहने को अपनी उस्अ़त के मुताबिक़ मकान दो"। **(सूरः तलाक़ आयत नं० 6)**

(2) रिहाईश मकान की दो शर्तें हैंः-

(a) सालिह़ीन (अच्छे लोगों) का पड़ोस हो।

(b) और मकान ऐसा हो जिस में वह़शत न हो क्योंकि उस में तक्लीफ़ पहुँचाना है।

(3) इसी तरह़ चोरी या आबरुरेज़ी का अगर ख़ौफ़ हो तो औ़रत के पास किसी मोनिस (साथी) को या किसी मोनिस (साथी) के पास औ़रत को रखना भी वाजिब होगा। **(दुर्रेमुख़्तार व शामी)**

اَوْ يُسْكِنُهَا عِنْدَ مَنْ لَّا يُؤْذِيْهَا

"और उन लोगों के पास रखे जो तक्लीफ़ न दें"। **(शामी)**

(4) अगर औ़रत सास, नन्द, सौत, सौतेली औलाद, देवर, जेठ, ससुर वग़ैरह की तक्लीफ़ और ईज़ा की शिकायत करे और मुताल्बा करे कि इन से अ़लैहिदा रखे तो अलग मकान में रखना होगा।

(5) अगर मौरुसी मकान के बीच में दीवार उठा कर अ़लैहि़दा कर दिया जाए तो यही अ़लैहिदगी काफ़ी होगी।

(6) शौहर बीवी की बिना रज़ामन्दी, बग़ैर ए़तिमाद और बग़ैर महेर मुअ़ज्जल (जल्दी) या मुअ़ज्जल (ताख़ीर) दिये बिना बीवी को उस के शहर से बाहर ले जाने पर मजबूर नहीं कर सकता। **(फ़तावा आ़लमग़ीरी)**

(7) अगर औ़रत मारपीट या तक्लीफ़ की शिकायत करे तो पड़ोसियों की तस्दीक़ पर क़ाज़ी सख़्त तम्बीह करेगा और सज़ा भी देगा।

## खाना व ख़र्चा-

इसी तरह़ खाने में अमीर और रईस के ज़िम्मे उ़म्दह क़िस्म के खाने और ग़रीबों के ज़िम्मे कम दर्जे का खाना दाल, तरकारी वग़ैरह जो उ़र्फ़ आ़म हो उस के मुताबिक़ है।

अगर मर्द मालदार है और औ़रत भी इस दर्जे की है यानी उन औ़रतों में से है जो अक्सर ख़िद्‌मती काम अपने हाथ से नहीं करतीं और उन को ऐसे कामों की आ़दत नहीं है तो उसे पका पकाया खाना या सिर्फ़ एक ख़ादिमा के ख़र्चा का अगर औ़रत मुताल्बा करे तो मर्द के ज़िम्मे मुक़र्रर किया जाएगा। जिस से वह अपनी इस क़िस्म की ख़िद्‌मत ले सके। जैसे- झाडू दिलवाना, बर्तन धुलवाना, घर साफ़ करवाना, पानी भरवाना और मसाला पिसवाना, कपड़े धुलवाना, कपड़े सिलवाना, आटा पिसवाना, रोटी पकवाना आदि।



**नोट-** साहि़बे माल शौहर के लिए धोवन की धुलवाई और कपड़े की सिलवाई मर्द के ज़िम्मे होगी और अगर मर्द ग़रीब है तो मर्द के ज़िम्मे केवल साबुन, पानी और सीने का सामान ला देना काफ़ी होगा, औ़रत ख़ुद धोये और ख़ुद सिले, उसकी धुलवाई व सिलाई का ख़र्च मर्द के ज़िम्मे नहीं होगा।

## अगर मर्द ग़रीब है तो ख़ादिमा (नौकरानी) का ख़र्चा वाजिब नहीं

अगर मर्द ग़रीब है और वह एक ख़ादिमा के ख़र्चे का बोझ उठा नहीं सकता और पका पकाया खाना लाकर देने की भी वुस्अ़त नहीं रखता और औ़रत भी ग़रीब तब्क़े की है जिस को अपने हाथ से घर के काम-काज करने में कुछ शर्म नहीं, तो खाना-पकाने बर्तन साफ़ करने का सब काम जितना कर सकती हो, अपने हाथ से करना औ़रत पर दियानतन वाजिब है।

मर्द के ज़िम्मे सिर्फ़ सामान ला देना ज़रूरी है, औ़रत अपने हाथ से पकाये, खाये और अपने घर में झाडू दे, चुनाँचे रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने ह़ज़रत अ़ली (रज़ि०) और ह़ज़रत फ़ातिमा रज़ियल्लाहु अ़न्हा में इसी तरह़ तक़्सीम कर दिया था। हाँ, अगर औ़रत इन्कार कर दे तो जब्र नहीं कर सकता।

**(दुर्रे मुख़्तार और शामी)**

अगर मर्द तंग दस्त है तो ख़ादिम का ख़र्चा उस पर वाजिब नहीं, बल्कि औ़रत ख़ुद अपने लिए पकाये खाये। अलबत्ता औ़रत का अपने शौहर और उस की औलाद व अ़याल की ख़िद्‌मत उस की रज़ामन्दी पर है।

**(नव्वी शरह़ मुस्लिम पेज नं० 47 भाग 1)**

## घर के बाहर और अन्दर की ज़िम्मेदारी-

औ़रत का मन्सब शरअ़न सिर्फ़ यह है कि वह अपने नफ़्स को मर्द के घर में मर्द के सुपुर्द कर देने वाली और अपने नफ़्स को मर्द के लिए रोकने वाली और उस की इ़ज़्ज़त व आबरु की मुहाफ़िज़ होती है और औ़रत की तमाम ज़रुरियात की किफ़ालत और ज़िम्मेदारी मर्द पर वाजिब है। **(शामी)**

दोनों में इस तरह़ तक़्सीम की जाएगी कि घर के बाहर के काम मर्द के ज़िम्मे

और घर के अन्दर के काम औ़रत के ज़िम्मे मुक़र्रर होंगे, इसीलिए औ़रत उस पर उज्रत नहीं ले सकती। (दुर्रेमुख़्तार)

यानी अगर मर्द तंगदस्त है तो औ़रत पर अपने नफ़्स की ख़िद्मत दियानतन वाजिब है इस वजह से उज्रत नहीं ले सकती यह हुक्म रज़ामन्दी पर है यानी किसी का उस पर ज़ोर नहीं है मगर औ़रत पर अपने तंगदस्त शौहर और अपने बच्चों की ख़िद्मत भी मुस्तहब है। (दुर्रेमुख़्तार व शामी)

अगर मर्द तंगदस्त है तो माँ के ज़िम्मे अपने बच्चों की ख़िद्मत मुस्तहब होगी।

## ख़र्च तय करना-

अगर शौहर (पति) ख़र्च मुक़र्रर कर के हर माह या सालाना या यौमिया ख़र्च के लिए देता है और औ़रत उस में से कुछ बचा लेती तो औ़रत ही उस की मालिक होगी। शौहर को उस में कुछ दख़ल देने का अख़्तियार न होगा और मर्द उस को आइन्दा महीने या यौम या साल के नफ़्क़ा में शुमार नहीं कर सकता। (दुर्रे मुख़्तार)

और अगर बिला ख़यानत के ख़र्च कम पड़ जाए तो भी औ़रत ही को पूरा करना पड़ेगा। (दुर्रेमुख़्तार व शामी)

और मर्द ने जो चीज़ अपनी औ़रत को तोहफ़ा में या हुक्म के तौर पर दे दी औ़रत उस की भी मालिक है। अब उस का वापस लेना नाजायज़ होगा। (दुर्रे मुख़्तार, आ़लमग़ीरी)

## औ़रत को निकाह़ फ़स्ख़ करवाने का ह़क़-

अगर कोई शख़्स रोटी, कपड़ा, मकान और रिहाईश न दे सकता हो और बावजूद वुस्अ़त के अदा न करता हो, लापरवाह हो, ग़ायब रहता हो........ उ़ल्मा-ए-अह़नाफ़ के नज़्दीक और उ़ल्मा-ए-मालकिया के फ़तूवा के मुवाफ़िक़ औ़रत अपना निकाह़ फ़स्ख़ करा सकती है। क़ाज़ी पहले नान व नफ़्क़ा की अदायगी का हुक्म देगा वरना फिर तलाक़ दिलवाएगा या खुद निकाह़ फ़स्ख़ कर देगा। अगर क़ाज़ी न हो तो तीन ज़िम्मी पंचों की जमाअ़त भी यही फ़ैसला शरायत के अनुसार कर सकती है। (अज़् हीला नाजिज़ा यानी मजमूआ़ फ़तावा उ़लमा-ए- मालकिया)



## कफ़न-दफ़न का ख़र्च

जिस औ़रत का नान व नफ़्क़ा मर्द के ज़िम्मे है उस का कफ़न-दफ़न भी मर्द के ज़िम्मे होगा अगरचे औ़रत अपना माल छोड़ कर मरी हो। वह औ़रत जिस की रुख़्सती न हुई हो और वह औ़रत जो नाफ़रमान हो उस का कफ़न दफ़न शौहर की तज्हीज़ के ज़िम्मे नहीं है। (दुर्रेमुख़्तार व शामी)

## सामाने जहेज़ की ह़क़दार

औ़रत जहेज़ के सामान की तन्हा मालिक और उस को ख़र्च व इस्तेमाल करने का पूरा ह़क़ है। शौहर को उस में बिला इजाज़त इस्तेमाल करने का या उस से नफ़ा उठाने का ह़क़ ह़ासिल नहीं है। (शामी)

इसी तरह़ अगर मर्द ने महेर अदा नहीं किया तो औ़रत पर मर्द की इताअ़त (फ़रमाबरदारी) वाजिब नहीं और औ़रत मर्द को अपने पास क़रीब होने से जब चाहे रोक सकती है और बिला इजाज़त जब चाहे मर्द के घर से जा सकती है और बुलवाने पर आने से इन्कार कर सकती है। मर्द के लिए औ़रत को क़ाबू में रखने का कोई ह़क़ नहीं है और औ़रत नफ़्क़ा की भी ह़क़दार रहेगी क्योंकि यह नाफ़रमानी नहीं है। (आ़लमग़ीरी व शामी वग़ैरह)

## औ़रत को मारने का ह़क़

जब औ़रत ज़िना का गुनाह करे, फ़ुह़श, गाली-गलौज और बद्ज़बानी से पेश आये, नमाज़ छोड़े तो ऐसी सूरत में पहले नसीह़त करे। अगर नसीह़त कारगर न हो तो बात करना छोड़ दे, फिर तम्बीह करे, अगर यह भी कारगर न हो और इस्लाह़ भी मुम्किन न हो तो तलाक़ दे सकता है जो इन्दल्लाह मब्ग़ूज़ है और जिस से अल्लाह तआ़ला का अ़र्श हिलता है। كَمَا جَآءَ فِيْ الحديث

अगर किसी वजह से तलाक़ देना गवारा न हो तो सब्र करे और नसीह़त करता रहे। शौहर को अपने हुक़ूक़ पर जब्र करने का भी ह़क़ है और शौहर इन वजूह में मार भी सकता है।

فَاضْرِبُوْهُنَّ ضَرْباً غَيْرَ مُبَرِّحٍ मगर ज़्यादा न मारे जिस से निशान पड़ जाये या

तक्लीफ़ पहुँच जाए और चेहरे पर तमांचा मारने की मुमानिअ़त है كَمَا جَآءَ فِى الحديث قَالَ عَطَاءُ ضَرْباً غَيْرُ مُبَرِّحٍ بِالسِّوَاكِ हज़रत अ़ता फ़रमाते हैं कि मिस्वाक से मारे।

इस के अ़लावा मर्द को मामूली बात पर मारने का हक़ नहीं है, बल्कि सख़्त मुमानिअ़त है।

لَا تَضْرِبُوْا اِمَآءَ اللهِ وَلَا تُقَبِّحُوْهُنَّ

"मत मारो तुम अल्लाह की बन्दियों को और न उन को बुरा भला कहो"।

एक क़ौल में है कि मर्द को नमाज़ के तर्क पर मारने का हक़ नहीं है, क्योंकि यह हक़ अल्लाह का है, मर्द का इस में कोई हक़ नहीं है। **(दुर्रेमुख़्तार)**

इस में हिक्मत यह है कि मारने और बुरा भला कहने से दिल में नफ़रत पैदा होती रहती है।

# तलाक़

एक अधिकार मर्द को यह दिया गया है कि जिस औ़रत के साथ वह निबाह न कर सकता हो, उस को तलाक़ दे सकता है। चूँकि मर्द अपना माल ख़र्च कर के निकाह़ करता है इसलिए इन हुक़ूक़ से अलग होने का अख़्तियार भी उस को दिया गया है। जैसे-

1- तलाक़ 2- ख़ुलअ़ 3- क़ज़ा-ए-क़ाज़ी

## तलाक़ की शर्तें-

शरीअ़ते इस्लामी तलाक़ को पसन्द नहीं करती। नबी करीम (सल्ल०) का इर्शाद है, "अल्लाह तआ़ला के नज़्दीक ह़लाल चीज़ों में सब से ज़्यादा नापसन्दीदा चीज़ तलाक़ है। शादियाँ करो और तलाक़ न दो, क्योंकि अल्लाह तआ़ला मज़ा चखने वालों और मज़ा चखने वालियों को पसन्द नहीं करता है।"

**दूसरी जगह इर्शाद फ़रमाया-**

"उन के साथ अच्छा सुलूक करो अगर तुम को नापसन्द भी हों तो हो सकता है कि तुम किसी चीज़ को नापसन्द करो और अल्लाह तआ़ला उस में बहुत कुछ भलाई रख दे।" **(सूरः निसा आयत नं० 19)**



लेकिन अगर निबाह न कर सकते हो तो तुम को हक़ है कि उस को तलाक़ दे दो, मगर अचानक छोड़ देना दुरुस्त नहीं।

एक-एक महीने के फ़ासले से एक-एक तलाक़ देना चाहिए। तीसरे महीने के ख़त्म तक सोचने समझने का मौक़ा ह़ासिल रहेगा। मुम्किन है कि सुधार की कोई सूरत निकल आये या औ़रत के रवैये में कोई तब्दीली आ जाए या ख़ुद दिल बदल जाए। अलबत्ता अगर इस मोहलत में सोचने और समझने के बावजूद तुम्हारा फ़ैसला यही हो कि उस औ़रत को छोड़ देना चाहिए तो फिर चाहो तो तीसरे महीने के आख़िर तक आख़िरी तलाक़ दे दो वरना रुजूअ़ के बग़ैर यूँ ही इद्दत गुज़र जाने दो।"

**अल्लाह तआ़ला का इर्शाद हैः-**

"तलाक़ वाली औ़रतें अपने आप को तीन हैज़ों तक इन्तिज़ार में रखें, अगर उन के शौहर इस्लाह़ का इरादा रखते हों तो इस मुद्दत में वह उन को लौटा लेने के ज़्यादा ह़क़्दार होंगे।" **(सूरः बक़रः आयत नं० 228)**

उस के साथ यह हुक्म है कि तीन महीने की इस मुद्दत में औ़रत को अपने घर से न भेजो बल्कि अपने साथ रखो। मुम्किन है कि साथ रहने से दिल मिलने की कोई सूरत निकल आये।

"जब तुम औ़रतों को तलाक़ दो तो इद्दत के ज़माने में रुजूअ़ की गुन्जाइश रखते हुए तलाक़ दो और इद्दत का ज़माना गिनते रहो और अल्लाह से डरो और उन को घरों से न निकालो और न वह ख़ुद निकलें सिवाय ऐसी सूरत के कि वह किसी खुली बद्कारी में फंस जाए यह अल्लाह की हुदूद हैं और जो अल्लाह की हुदूद से बढ़ेगा वह ख़ुद अपने आप पर ज़ुल्म करेगा तुझ को क्या ख़बर कि अल्लाह इस के बाद इस्लाह़ की कोई सूरत पैदा कर दे फिर जब मुक़र्रर की हुई मुद्दत ख़त्म होने को पहुँचने लगे तो या उन को भले तरीक़े से रोक लो या भले तरीक़े से अलग हो जाओ।" **(सूरः तलाक़ 1, 2)**

फिर हैज़ की हालत में भी तलाक़ देने से मना किया गया है और हुक्म दिया गया है कि तलाक़ देना हो तो तुहर (पाकी) की हालत में दो।

रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने तलाक़ के तरीक़े की तअ़लीम इस तरह दी है-

"इब्ने उ़मर! तुम ने ग़लत तरीक़ा अपनाया। सहीह़ तरीक़ा यह है कि तुहर (पाकी) का इन्तिज़ार करो फिर एक-एक तुहर (पाकी) पर एक तलाक़ दो। फिर जब वह तीसरी मर्तबः ज़ाहिर हो तो उस वक़्त तलाक़ दे दो या उस को रोक लो।"

ह़ज़रत इब्ने उ़मर (रज़ि०) ने अ़र्ज़ किया, अगर मैंने उस को तीन तलाक़ दे दिया तो क्या मुझे रुजूअ़ (वापसी) का ह़क़ बाक़ी रहता? रसूलुल्लाह (सल्ल०) ने फ़रमाया, "नहीं वह जुदा हो जाती और यह गुनाह होता।"

इस से यह बात मालूम हुई कि एक वक़्त में तीन तलाक़ देना गुनाह है। ह़क़ीक़त में यह काम शरीअ़त के ख़िलाफ़ है और इस से अल्लाह के वह हुदूद टूटते हैं जिन के एह़तिराम का सूरः तलाक़ में सख़्त ताकीदी हुक्म दिया गया है।

ह़ज़रत इब्ने उ़मर (रज़ि०) के बारे में है कि जो शख़्स एक मजलिस में तलाक़ देने वाला उन के पास आता वह उस को मारते थे और उस के बाद बीवी-शौहर को जुदा कर देते थे। ह़ज़रत इब्ने अ़ब्बास (रज़ि०) से पूछा गया कि एक शख़्स ने अपनी बीवी को एक वक़्त तीन तलाक़ें दी हैं, उस का क्या हुक्म है? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया,

उस ने अपने रब की नाफ़रमानी की और उस की औ़रत उस से जुदा हो गई।

**ह़ज़रत अ़ली (रज़ि०) फ़रमाते हैं:-**

अगर लोग तलाक़ की ठीक-ठीक हुदूद का लिहाज़ करते तो किसी शख़्स को अपनी बीवी के जुदा होने पर पश्चताप न करना पड़ता।

## बीवी की अहम ज़रूरतें

मर्दों को यह बात याद रखनी चाहिए कि दुनिया की हर औ़रत को तीन चीज़ों की बुनियादी ज़रूरत होती है यानी वह तीन चीज़ों की तलबगार होती है।



### 1– सुरक्षा (Protection)

पहली ख़्वाहिश उस की सुरक्षा है। वह शौहर के लिए घरबार छोड़ कर आई है। अब यहाँ उसे अपने जान, इ़ज़्ज़त, ईमान की सुरक्षा (Protection) चाहिए।

सुरक्षा के लिए पहली बात तो यह है कि उस के लिए सर छिपाने की कोई ऐसी जगह हो जहाँ वह अपने घर में अपने बच्चों के साथ सुरक्षित रह सके।

दूसरी बात यह है कि पति को चाहिए कि वह अपने पत्नी को उस की तमामतर ख़ूबियों और कमज़ोरियों के साथ अपना ले। इसलिए कि वह इन्सान भी है, उस में अच्छाईयाँ भी हो सकती हैं और कुछ कमज़ोरियाँ भी, पति को उसे उस की तमाम ख़ूबियों और कमज़ोरियों के साथ क़ुबूल कर के सुरक्षा देनी चाहिए।

### (2) तवज्जोह (Attention)

इस की दूसरी अहम ज़रूरत (Demand) यह होती है कि उसे शौहर की तवज्जोह (Attention) चाहिए होती है यानी पति अपनी पत्नी को समय दे, उस के साथ वक़्त गुज़ारे, उस की ज़रूरियात को मह़सूस करे, उस का ह़ाल पूछे।

### (3) हौ़सला अफ़्ज़ाई (Appreciataion)

तीसरी चीज़ बीवी चाहती है कि जब मैं शौहर की हर चीज़ की ह़िफ़ाज़त करती हूँ और शौहर के कहने के मुताबिक़ हर काम को पूरा करती हूँ तो मेरे अच्छे काम पर मुझे शाबाशी मिलनी चाहिए, तअ़रीफ़ होनी चाहिए और मेरी क़द्र होनी चाहिए।

जब बीवी अच्छे काम करे तो पति को उस की तअ़रीफ़ करनी चाहिए

## शौहरों की ग़ल्तियाँ

कुछ ग़ल्तियाँ शौहर (पति) से ऐसी हो जाती हैं जिस की वजह से पत्नी के दिल पर वह बातें बैठ जाती हैं और तोड़ का ज़रिया बन जाती हैं। इसलिए इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

(1) बीवी को नज़र अन्दाज़ करना।

(2) तलाक़ की धमकी देना।

(3) दूसरी शादी की धमकी भी देना।
